सुविधा

### कटनी में बने देश के सबसे लंबे रेलवे फ्लाई ओवर की अप लाइन पर ट्रायल के लिए चलाई गई मालगाड़ी

# सीआरएस की हरी झंडी के बाद शुरू होगा रेल संचालन

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी में देश के सबसे लंबे रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। इस फ्लाईओवर की अप लाइन पर मंगलवार को मालगाड़ी का सफल ट्रायल किया गया है। यह फ्लाईओवर मालगाड़ियों के लिए बायपास मार्ग के रूप में कार्य करेगा, जिससे वे कटनी के स्टेशनों को सीधे पार कर जाएंगी। इससे यात्री ट्रेनों के आवागमन का मार्ग सरल होगा। यहां ग्रेड सेपरेटर के अपलाइन की दूरी 15.85 किलोमीटर है। 17.52 किलोमीटर लंबे डाउन लाइन का काम जल्द होगा पूरा। देश के सबसे लंबे रेल फ्लाईओवर का




अप लाइन ट्रैक तैयार हो गया है। मालगाड़ी दौड़ाकर ट्रैक की संरचना की आंतरिक जांच की गई और ट्रायल सफल रहा। पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत मध्य प्रदेश के कटनी में बनाया जा रहा यह ग्रेड सेपरेटर एक एलिवेटेड वायडक्ट है। रेल फ्लाईओवर कटनी जंक्शन, न्यू कटनी जंक्शन और कटनी मुड़वारा स्टेशन के ऊपर से बनाया गया है। ये मालगाड़ी के लिए बायपास मार्ग के रूप में कार्य करेगा। अप लाइन सिंगरौली और बीना रेल लाइन को ग्रेड सेपरेटर के माध्यम से सीधा जोड़ती है। बिलासपुर से बीना रेल लाइन को सीधे जोड़ने वाली डाउन लाइन के शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। वर्ष के अंत तक यह एलिवेटेड वायडक्ट रेलवे फ्लाईओवर पूर्ण कर लिए जाने की तैयारी है। ग्रेड सेपरेटर के बन जाने पर मालगाड़ियां कटनी के स्टेशनों को सीधे पार कर जाएंगी। इससे यात्री ट्रेनों के आवागमन का मार्ग सरल होगा। सिंगरौली मार्ग पर कटंगी खुर्द से दमोह रेलमार्ग पर न्यू मझगवां तक कटनी होकर ग्रेड सेपरेटर के अपलाइन की दूरी 15.85 किलोमीटर है। यहां ट्रैक का काम पूरा होने पर मालगाड़ी चलाकर ट्रायल लिया गया। ट्रैक में संरक्षा कमियों को जांचा गया। ट्रायल में मिली कमियों को दूर किया जा रहा है। ग्रेड सेपरेटर के 17.52 किलोमीटर लंबे डाउन लाइन के कार्य को भी जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। 34 किलोमीटर लंबे इस ग्रेड सेपरेटर पर अप और डाउन लाइन का ट्रैक एक वायडक्ट का निर्माण करता है। परियोजना पूरी होने और आंतरिक ट्रायल में सफल रहने पर कमिश्नर रेल सेफ्टी को बुलाया जाएगा। सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन प्रारंभ होगा। ग्रेड सेपरेटर कटनी में रेल बायपास का कार्य करेगा। इसका निर्माण इस प्रकार से किया जा रहा है कि मालगाड़ियों को कटनी जंक्शन, न्यू कटनी जंक्शन और कटनी मुड़वारा के स्टेशन और यार्ड में प्रवेश न करना पड़े।

## जमीन के विवाद पर बुजुर्ग की हत्या

**नवभारत कटनी।** पड़ोसी जिले के पन्ना के शाहनगर थाना क्षेत्र के लमतरा में मंगलवार को जमीन के पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। गांव के 60 वर्षीय बुजुर्ग बलिराम यादव की कुछ लोगों ने रास्ता रोककर बेरहमी से पिटाई कर दी। कुल्हाड़ी और डंडों से किए गए हमले में बलिराम यादव की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक बलिराम यादव और झुक्का यादव के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह बलिराम यादव किसी निजी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। बलिराम यादव को परिजन 100 डायल की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## नवनिर्वाचित परिषद अध्यक्षों ने की पूर्व महापौर से मुलाकात

**कैमोर और विजयराघवगढ़ परिषद अध्यक्षों ने लिया मार्गदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** विजयराघवगढ़ और कैमोर नगर परिषद की नवनिर्वाचित हुई दो अध्यक्ष पलक ग्रेवर और राजेश्वरी दुबे ने कटनी की पूर्व महापौर और विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक की माताजी निर्मला पाठक से मुलाकात की उनका आशीर्वाद लिया।

कैमोर नगर परिषद अध्यक्ष पलक ग्रोवर और विजयराघवगढ़ नगर अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे ने पूर्व महापौर से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व महापौर निर्मला पाठक ने कहा की लोगो की सेवा करने के लिए पद आवश्यक है लेकिन इसका लाभ दूसरों को मिलना चाहिए।

इस दौरान कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष पलक ग्रोवर और राजेश्वरी दुबे ने कहा हमारी मार्गदर्शन भी आप हैं और राजनैतिक गुरु भी आप हैं।

## एक नजर में

### अखंड सीता राम संकीर्तन का समापन, भंडारे का हुआ आयोजन

**नवभारत, उमरयिापान।** श्रांवण माह में श्री पंचमुखी दरबार जनकपुर धाम में परम त्यागी श्री श्री 1008 श्री दामोदर दास जी महाराज के सानिध्य में चल रही एक माह की अखंड सीताराम संकीर्तन का समापन हवन पूजन और भंडारा के साथ हुआ। पंचमुखी दरबार जनकपुर धाम में सुबह से ही भक्तों ने महाराज जी का दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। साथ ही अखंड श्रीसीताराम संकीर्तन में भाग लिया। पंचमुखी सेवा न्यास दरबार के सदस्यों और ग्राम वासीयो के सहयोग से पूरे श्रावण माह में अखंड रूप से सीताराम का संकीर्तन हुआ। हर सोमवार को पुरोहित संयोग शास्त्री ने भगवान पशुपतिनाथ आदिशंकर का रूदाभिषेक किया। समापन के अवसर परम त्यागी श्री श्री 1008 दामोदर दास जी महाराज के सानिध्य में पुरोहित संयोग शास्त्री द्वारा हवन पूजन किया। जिसके बाद कन्या भोज और विशाल भंडारा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ युवा महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी रही है।

### बस और ट्रक में टक्कर, एक दर्जन यात्री मामूली घायल

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी क्षेत्र में सवारी बस और ट्रक में हुई आमने-सामने भिड़ंत हो गई है। गनीमत रही हादसे में किसी को गंभीर चोट नही आई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब दो बजे कटनी से रीठी की ओर आ रही सवारी बस सामने से दमोह से कटनी की ओर आ रहा ट्रक केन नदी के पास निर्माणाधीन आईटीआई भवन के सामने टकरा गई। बस में यात्रा कर रहे लगभग आधा दर्जन यात्रियों को मामूली रूप से चोटें आईं है। स्थानीय लोगों की सहायता से रीठी थाने की पुलिस ने घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### घर में फांसी पर लटका मिला युवक

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल थाना क्षेत्र के जरूआ खेड़ा गांव निवासी बलराम पिता शम्मी यादव (35) अपने घर में साड़ी के फंदे में फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बस की चपटे में आकर बाइक सवार युवक की हुई मौत

**रतनपुरा मोड़ के पास हुआ हादसा, ब्लैक स्पॉट घोषित करने की मांग**

**नवभारत, बाकल।** बाकल थाना क्षेत्र से महज सातर किलोमीटर दूर राजा सलैया के रतनपुरा मोड़ पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुम्हरवारा गांव निवासी अजय पिता कमलेश सिंह (22 वर्ष) के रूप में की गई है। अजय अपने पिता का इकलौता बेटा था। घटना सुबह लगभग 8 बजे हुई। बाकल से सलैया की ओर जा रही एक यात्री बस और सलैया स्टेशन से पटोरी की ओर जा रहे बाइक सवार की मोड़ पर आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल अजय सिंह को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा बहोरीबंद अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने



मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि रतनपुरा मोड़ एक ब्लैक स्पॉट है, जहां हर वर्ष 2-3 लोगों की जान जा चुकी है।

इस स्थल में पूर्व में भी कई बार दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में शामिल कर गति अवरोधक बनाने, दिशा सूचक बोर्ड लगाने और सड़क सुरक्षा उपाय के करने की मांग की गई है। लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक निष्क्रिय बना हुआ है। ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से मांग की है कि पटोरी चौराहा, राजा सलैया, रतनपुरा मोड़, बाकल का अवंति तिराहा, बस स्टैंड, शुक्ला कॉलोनी, सिहूडी तिराहा जैसे संवेदनशील स्थानों पर शीघ्र गति अवरोधक और संकेतक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे सड़क हादसों को रोका जा सके और किसी परिवार का चिराग समय से पहले न बुझ पाए।

## महापौर और पार्षदों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान**

**नवभारत कटनी।** देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान मनाया जाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूर, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन से पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मार्ग की स्वच्छता और सफाई के लिए श्रमदान अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों और अधिकारी-



कर्मचारियों ने मार्ग में श्रमदान कर सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

वहीं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने स्टेशन रोड मुख्य मार्ग के कपड़ा व्यवसाई मनोज पटेल सहित अन्य व्यवसाइयों सहित रहवासियों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए डस्टबिन का उपयोग करने की समझाइश दी। कार्यक्रम समापन के पूर्व महापौर द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शहर को साफ और स्वच्छ रखने में सहयोग देने के लिए कहा गया। महापौर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराने और तिरंगा सेल्फी अपलोड करने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान कमानिया गेट गली से सुभाष चैक तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस दौरान रैली में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और अन्य देशभक्ति के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता सहित उपायुक्त शैलेश गुप्ता, पार्षद एडवोकेट मौसूफ बिट्टू, श्रीमती पैरवी बिट्टू, शकुन्तला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, सुमित्रा रावत, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, सुखदेव चौधरी, सचिन बहरे, पूर्व पार्षद कैलाश जैन सोगानी, विजय डब्बू रजक के अलावा नगर निगम के अधिकारी राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, जयेंद्र प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, आदेश जैन, तेजभान सिंह, सुनील उपाध्याय, सुरेश सोनी, आशीष गुप्ता, अनिरुद्ध नारायण सोनी, स्वप्निल पुरवार सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## लूट के बाद एलर्ट मोड पर आई पुलिस ने की वित्तीय संस्थाओं की सुरक्षा जांच

**गार्ड की उपस्थिति, प्रवेश-निकासी निगरानी की हुई जांच**

**नवभारत कटनी।** जबलपुर जिले के सिहोरा में हुई करोड़ों के सोने की लूट के बाद कटनी पुलिस एलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी राष्ट्रीयकृत और निजी बैंक, एटीएम, मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखाएं सहित कियोस्क केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित प्रबंधकों से मुलाकात कर



उनके सिक्योरिटी सिस्टम का परीक्षण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण में मुख्य रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, गार्ड की उपस्थिति, प्रवेश-निकास की निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की जांच की गई। प्रबंधकों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने, तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की हिदायत दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा और वित्तीय संस्थानों की संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और ऐसे निरीक्षण भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे।

## गुम हुए 61 मोबाइलों की पुलिस ने की खोजबीन

**पुलिस कंट्रोल में मालिकों को वापस किए गए मोबाइल**

**नवभारत कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देश पर सायबर सेल ने पिछले दो महीने में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के 61 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल एसआई रूपेन्द्र सिंह राजपूत और टीम ने गुम मोबाइल से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की। मोबाइल मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से ट्रेस कर मूल मालिकों को सुपुर्द किए गए। मोबाइल मिलने पर सभी मालिकों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने बताया कि सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो,



पोको, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनिक्स, लावा सहित अन्य कंपनियों के मोबाइल शामिल है। मोबाइल की खोजबीन में एसआई रूपेन्द्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक प्रशांत विश्वकर्मा, आरक्षक शुभम गौतम, अजय शंकर, अमित श्रीपाल, चंदन प्रजापति, सतेन्द्र सिंह और संबंधित थानों के पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।

पुलिस ने बताया कि सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर चोरी या गुम मोबाइल की शिकायत ऑनलाइन दर्ज की जा सकती है। मोबाइल ब्लॉक करने से उसका गलत इस्तेमाल नहीं हो सकेगा।

## हर घर तिरंगा लहराने छात्रों ने दिया ग्रामीणों को संदेश

**वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में किया गया आयोजन**

**नवभारत, बहोरीबंद।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को झंडा संहिता की जानकारी और अधिक से अधिक लोगों को तिरंगे के प्रति सम्मान के लिए अपने-अपने घरों सहित अन्य प्रतिष्ठानों में झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कॉलेज की छात्र-छात्राओं को नोडल अधिकारी डॉ महिमा तिवारी ने संबोधित किया और लगभग 100 छात्रों की की मानव



श्रृंखला बनाई गई। जिसके के माध्यम से ग्राम वासियों को घर में तिरंगा लहराने के लिए संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर महिमा तिवारी डॉ ममिता पटले, मंजू द्विवेदी, डॉ प्रीति तिवारी, डॉ गरिमा श्रीवास्तव, डॉ खुशबू श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विक्रम, मोहन नमन, कुणाल, सत्येंद्र, आकांक्षा रितु, सहित अन्य कॉलेज के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली, दिलाई स्वच्छता की शपथ

**सिलौंडी से जय स्तंभ तक किया गया तिरंगा रैली का आयोजन**

**नवभारत उमरियापान।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौंडी से जय स्तंभ तक में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, सरपंच श्रीमती पंचों बर्मन, उपसरपंच राहुल राय, प्रशांत राय, खमरिया बागरी सरपंच अनिल सिंह बागरी, किशन राय, मंडल





महामंत्री सदन तिवारी, राजा दहिया, शैलेश जैन अरविंद तिवारी, अन्नू पाल, राजा राय, संकुल प्राचार्य चंद्रकुमार परसवार, स्कूल प्राचार्य विशाल वरकडे, सहित अन्य उपस्थित रहे। रैली के समापन द जनशिक्षक संतोष बर्मन ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### कॉलेज के छात्रों ने भी निकाली तिरंगा रैली

वहीं शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में भी मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर प्रभारी प्राचार्य डॉ दीपिका जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत रैली का का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली महाविद्यालय परिसर से ग्राम पकरिया और बरौदा तक निकाली गई ।ग्रामवासियों को तिरंगा भेंटकर घर की छतों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया किया गया।

समारोह

### प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

# सामाजिक उत्थान के लिए व्यापक तरीके से कार्य कर रहा है मारवाड़ी समाज संगठन

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन संबद्ध अखिल भारतवर्षीय मरवाडी सम्मेलन कोलकाता का शपथग्रहण समारोह का आयोजन पन्ना मोड स्थित होटल में किया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीपप्रज्जवलित कर पूजन किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी कृष्णकुमार शर्मा और सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के अजय सरावगी ने किया।

शपथग्रहण समारोह में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोड़ी कोलकाता ने कहा कि मारवाड़ी




समाज के विभिन्न संगठन सामाजिक उत्थान के लिये व्यापक तरीके से कार्य कर रहा है,आज हम गर्व से कह रहे कि हम मारवाड़ी है।उ न्होंने आधुनिक संचार क्रांति के युग में सोशल मीडिया पर समाजिक गतिविधियों का भी संचालित करने की बात कही और समस्याओं के निदान पर इसी माध्यम पर सूचना देने कहा।राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती सुषमा अग्रवाल दिल्ली ने कहा हम सब मारवाड़ी समाज को जोडने का काम करते है। मारवाड़ी होना जरूरी है। यह समाज ऊर्जावान समाज है। हर आदमी विनम्रता से वह सब हासिल कर सकता है।शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोड़ी कोलकाता, राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती सुषमा अग्रवाल, दिल्ली प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार सकलेचा , कमलेश नाहटा जबलपुर की उपस्थिति रही।

राजस्थान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण बजाज, राजस्थानी मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पवन बजाज, राजस्थान महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती हंसा खंडेलवाल, राजस्थानी मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंकज शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष नारायण दास गट्टानी, वरिष्ठ समाजसेवी राजू अग्रवाल, प्रांतीय सचिव श्याम सुंदर महेश्वरी क्रांति, कोषाध्यक्ष अजय खंडेलवाल कटनी शाखा के सचिव अजय सरावगी, कोषाध्यक्ष श्याम मित्तल सहित अन्य की उपस्थिति रही। अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोडी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शरद सरावगी सचिव श्याम सुंदर महेश्वरी जबलपुर, कोषाध्यक्ष अजय खंडेलवाल कटनी को शपथ दिलाई। अजय सरावगी सचिव श्याम मित्तल कोषाध्यक्ष को भी शपथ दिलाई। उन्होंने कहा शरद सरावगी समाज के लिए समर्पित और सेवाभावी व्यक्ति है उनकी सेवाओं और मेहनत पर उनको यह दायित्व सौंपा जा रहा है, उन्हें विश्वास है कि वे समाज के कार्यों में कटनी का नाम देश में रोशन करेंगे।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111